52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 17.7 °c | अधिकतम 32.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:20 सूर्यास्त : 5:48 | वर्ष : 52/ अंक : 286 | मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024 | अश्विन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**अमृतवाणी**

शिक्षा कहीं से भी प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन संस्कार हमेशा परिवार से मिलते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

चुनाव का आना और साम्प्रदायिक माहौल का बिगड़ जाना, ये इत्तफाक नहीं है : अखिलेश



निश्चय ही....आप कुछ सोच समझकर ही कह रहे होंगे....

# बहराइच का दंगा, अपने जिले में नहीं करना कोई पंगा

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान बहराइच में हुए दंगे के बाद एक युवक की मौत हो गई। उक्त दंगा दूसरे दिन भी नहीं रूका युवक के शव के साथ चल रहे पांच हजार लोगों को प्रशासन ने रोककर शव को वापस घर भेज दिया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर गाड़ियां, दुकानें, अस्पतालों तक में जमकर आगजनी हुई। पुलिस के मुताबिक हालात अब काबू में हैं।

उक्त दंगे के बाद पूरा उत्तर प्रदेश पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर दिखाई दिया और मुजफ्फरनगर में कोई कस्बा ऐसा नहीं बचा, जहां सिपाही से लेकर एसएसपी तक खुद सड़कों पर न उतरे हों। खतौली, जानसठ, बुढ़ाना, पुरकाजी, चरथावल, मीरापुर, भोपा सहित शहर मुजफ्फरनगर में पुलिस का पूरा अमला संवेदनशील इलाकों में उतरता दिखाई दिया और जगह जगह एसएसपी से लेकर सिपाही तक ने एक ही बात समाने का प्रयास किया कि बेशक बहराइच में हुआ हो दंगा, मगर यहां किसी भी सूरत में नहीं चलेगा पंगा। मुस्लिम धर्मगुरूओं को साथ लेकर पुलिस द्वारा खालापार, मेरठ रोड, रुड़की रोड आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने आपसी भाईचारा एवं सौहार्द्र कायम करने की अपील आम जनता से की। इस दौरान अधिकारियों ने व्यापारियों से भी वार्तालाप की और उन्हें अतिक्रमण अपनी हद में करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के मद्देनजर किसी भी तरह की कोई लापरवाही किसी के द्वारा न हो, न तो सड़कों पर जाम लगे और न ही आने जाने वाले लोगों को कोई परेशानी हो। इसी के साथ साथ पुलिस ने चेतावनी भरे शब्दों में यह भी कहा कि किसी भी धर्म एवं जाति के प्रति कोई भी अभद्र भाषा एवं टिप्पणी की पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल न करे। इसी के साथ साथ किसी भी प्रकार की भड़काऊ बातें लिखने व बोलने वालों पर भी उचित कार्यवाही पहले भी की गई थी और अब भी अमल में लाई जायेगी। अफवाह फैलाने वाले लोगों को भी बख्शा नहीं जायेगा, इसलिए हर कदम सोच समाकर उठायें। ऐसा न हो कि आपकी जरा सी लापरवाही नगर के गणमान्य लोगों का कोई नुकसान कराये और उसके बदले आपको उसका माकूल खामियाजा भुगतना पड़े। सड़कों पर उतरे प्रशासनिक अमले में नगर में एसएसपी अभिषेक सिंह, एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, सीओ सिटी व्योम बिन्दल, खालापार एसएचओ महावीर चौहान सहित खतौली में एसडीएम मोनालिसा जौहरी, जानसठ में एसडीएम सुबोध कुमार और सीओ, बुढ़ाना में एसडीएम राजकुमार भारती, पुरकाजी में थानाध्यक्ष जयवीर सिंह ने फ्लैग मार्च किया।



## त्यौहारों तक रहना होगा चौकन्ना

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** पिछले दस दिनों में उत्तर प्रदेश के माहौल में जो गर्मी आई है, उससे वर्ष 2013 से पहले की गहमागहमी याद आने लगी है। पिछले दस वर्षों में प्रदेश का माहौल पूरी तरह सौहार्द्रपूर्ण दिखाई दे रहा था। मगर एकाएक अब लोग सड़कों पर उतरकर प्रदर्शनों के नाम पर कभी पत्थरबाजी तो कभी गोलीबारी को अंजाम देते दिखाई पड़ रहे हैं। अलग अलग जिलों में छुटपुट घटनाएं तो पिछले दस दिनों में कई बार हो चुकी हैं। इनमें बुलन्दशहर, गाजियाबाद और सहारनपुर के नाम विशेष रूप से शामिल हैं। इसी के साथ बहराइच में हुए दंगों ने प्रदेश सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों की आंख तो खोलकर रख ही दी। साथ ही साथ आम जन में भी चर्चाओं का बाजार अब गरम हैं, ऐसे में अपने जिले में भी हम लोगों को चौकन्ना रहने की आवश्यकता है, जिस तरह का माहौल दिखाई पड़ रहा है, ऐसे में जरा सी चिंगारी भी आग का रूप ले सकती है। इसलिए साम्प्रदायिक सौहार्द्र को कायम रखने हेतु दोनों ओर से अच्छी पहल पहले से ही कायम रखनी चाहिए। दोनों धर्मों के लोग किसी पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी न करें, ऐसा संकल्प हम लोगों को खुद ही लेना होगा, क्योंकि दंगे करने और करवाने तो सरल हैं मगर उनका आर्थिक व जान माल का नुकसान बर्दाश्त करना बामुश्किल है। एक बार का दंगा पूरे त्यौहारों और बाजारों को कई महीनों के लिए नेस्तानाबूद कर देता है और जो जान की हानि होती है, उसकी भरपाई तो किसी भी तरह से नहीं की जा सकती है। ऐसे में त्यौहार हों या न हों, मगर अपने जनपद का माहौल खुशनुमा एवं सौहार्द्रपूर्ण रखने में प्रत्येक व्यक्ति अपना अपना योगदान दे, ऐसी बुलेटिन की अपील है।



## शामली में दरोगा के घर में प्रेमी ने फांसी लगाकर जान दी

**शामली, 14 अक्टूबर (बु.)।** चंडीगढ़ से लाते समय बिजनौर के स्योहारा के मुंडाखेड़ी के प्रेमी दीपक न शामली के दयानंद नगर में दरोगा के पैतृक घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। प्रेमिका ने पुलिस पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया और हंगामा किया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार बिजनौर के स्योहारा का रहने वाला प्रेमी युगल तीन पूर्व फरार हो गया था। युवक दीपक(20) बिजनौर के मुंडाखेड़ी जबकि नाबालिग युवती गल्ला खेड़ी वाली है। उनकी सूचना चंडीगढ़ में मिली थी। वहां से रविवार की रात स्योहारा थाने के एसआई सुनील कुमार अपनी टीम और प्रेमिका के घरवालों के साथ प्रेमी युगल को लेकर आ रहा था। रात में करीब 11 बजे शामली में पुलिस की गाड़ी अचानक ही खराब हो गई। दरोगा प्रेमी युगल और अन्य को लेकर अपने पैतृक घर शामली के दयानंद में अपने पिता इंद्रपाल सिंह के मकान में आ गया। प्रेमी को मकान के ऊपर के कमरे में बंद कर दिया। जबकि पुलिसकर्मी नीचे के कमरे और लड़की महिला कांस्टेबल के साथ बीच के कमरे में सो गई। कोतवाली पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 3 बजे प्रेमी ने सीढियों पर लगे पाइप से चुनरी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह करीब 5 बजे परिवार के सदस्यों को इसका पता चला।

# शिक्षक की नीयत खराब, छात्राओं से करता था गंदी बात, सस्पेंड

**चरथावल, 14 अक्टूबर (बु.)।** क्षेत्र के एक स्कूल में छात्राओं से दोस्ती करने के लिए दबाव बनाने वाले शिक्षक प्रदीप कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। इस मामले की जांच के लिए तीन खंड शिक्षा अधिकारियों की टीम गठित की गई है। आरोपित शिक्षक को बुढ़ाना बीआरसी पर अटैच किया गया है। जांच दल को तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल बालिकाओं से फ्रेंडशिप बनाने को दबाव बनाने वाले शिक्षक प्रदीप कुमार को बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने सस्पेंड कर दिया है। पूरे मामले की जांच के लिए तीन खंड शिक्षा अधिकारियों की टीम गठित की गई है। बता दें कि चरथावल ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय सिकंदरपुर में सहायक अध्यापक प्रदीप कुमार ने बालिकाओं से दुर्व्यवहार किया था। कक्षा आठवीं की बालिकाओं को फ्रेंडशिप बनाने के लिए दबाव डाला था, जिसके चलते बालिकाओं ने विद्यालय जाना बंद कर दिया था। अभिभावकों के पूछे जाने पर बालिकाओं ने आपबीती बताई थी, जिसपर 10 अक्टूबर को छात्राएं अभिभावकों और ग्राम प्रधान के साथ विद्यालय पहुंची थीं। अभिभावकों ने शिक्षक के खिलाफ जमकर हंगामा किया था। शिक्षक वहां से फरार हो गया था। इस मामले में प्रधानाध्यापक ने खंड शिक्षा अधिकारी चरथावल कमलेश बाबू को पूरे मामले से अवगत कराया था। खंड शिक्षा अधिकारी ने बीएसए को रिपोर्ट भेजी है, जिस पर बीएसए ने आरोपित शिक्षक को सस्पेंड कर दिया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्य टीम गठित की गई है, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी सदर ध्यानचंद, खंड शिक्षा अधिकारी मोरना अमरपाल सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी बुढ़ाना किरण यादव को जांच दी है। आरोपित शिक्षक प्रदीप कुमार को सस्पेंड कर दिया है। उसे बुढ़ाना बीआरसी पर अटैक किया गया है। जांच दल को तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।

**▶ फ्रेंडशिप का बनाता था दबाव जांच टीम गठित**



## छात्राओं ने दी गवाही, किसी को कहता था बच्चा बनाने की मशीन तो किसी की बहन पर थी नजर

**चरथावल, 14 अक्टूबर (बु.)।** सोमवार को जब छात्राओं से गंदी बात करने वाले शिक्षक प्रदीप कुमार के कृत्यों की गूंज सोशल मीडिया पर तेजी से फैली तो वीडियो में छात्राओं की गवाही भी सामने आई, जिसमें छात्राओं ने बेझिझक होकर घृणित कृत्य करने वाले शिक्षक की पूरी पोल पट्टी खोलकर रख दी। छात्राओं ने बताया कि उक्त शिक्षक आई लव यू बात कहने से अलग कभी लड़कियों को बच्चा बनाने की मशीन कहता था तो कभी किसी की बहन पर कटाक्ष करता दिखाई पड़ता था। इतना ही नहीं फोन नम्बर का लेन-देन करने की बात कहकर उक्त शिक्षक उन्हें यह समझाता था कि फ्रैण्डशिप किस तरह से होती है, इसकी वह शिक्षा देगा। उक्त सभी मामलों की गवाही किसी एकाध छात्रा ने नहीं बल्कि आधा दर्जन से अधिक छात्राओं ने अलग अलग रूप से खुद बताई। जांच कमैटी को भी ऐसी बातें सुनकर शर्मसार होना पड़ा। ऐसे में अभिभावकों की चिंता बढ़ती दिखाई दी। उनका कहना था कि जिस शिक्षक की पनाह में आज तक वह अपने बच्चों को महफूज समझते थे आज गुरू-शिष्य की परम्परा को ऐसे शिक्षक ने कलंकित कर दिया। गुरू को तो किताबों में भगवान से भी ऊपर का दर्जा दिया गया है। एक दोहा भी इस संस्कार का सभी को याद रहता है कि गुरू गोविन्द दोऊ खड़े, बलिहारी गुरू आपने गोविन्दा दियो बताए। यानि गुरू और ईश्वर दोनों सामने खड़े हों तो पहले गुरू की वंदना हमारे शास्त्रों में सिखाई गयी है मगर कलयुगी गुरू यदि इतने नींच होंगे तो अभिभावकों का गुरूओं से विश्वास पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। ऐसे में निर्भीक होकर कैसे अभिभावक अपनी बच्चियों को स्कूल में सुरक्षित महसूस कर पाएंगे। अभिभावकों का कहना है कि ऐसे शिक्षक को सिर्फ सस्पेंड करने से क्या होगा ऐसे को तो जांच के बाद जेल भेज देना चाहिए नहीं तो बादस्तूर उसकी तन्ख्वाह भी आती रहेगी और घर बैठे-बैठे यह शिक्षक मौज मस्तियां ही करेगा। न्याय तो अभिभावकों को तभी मिलेगा जब इस शिक्षक पर कठोर कार्यवाही हो।

**गुरू शिष्य परम्परा को किया कलंकित, ऐसे शिक्षक को होनी चाहिए जेल**

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मुजफ्फरनगर, 14 अक्टूबर (बु.)।** नई मंडी कोतवाली के पचैंडा रोड पर शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला रामपुरी के रहने वाले लविश अपने दोस्त रोहित निवासी इन्द्रा कालोनी के साथ बाइक पर सवार होकर अपने परिचितों से मिलकर वापस लौट रहा था तभी नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के पचैंडा रोड पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों बाइक से नीचे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर आते जाते लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और पुलिस को इसकी सूचना दी गई, जिस पर पुलिस दोनों को जिला चिकित्सालय ले गई, जहां डॉक्टरों ने रामपुरी निवासी लविश को मृत घोषित कर दिया, जबकि इन्द्रा कालोनी निवासी रोहित का उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक लविश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।






